प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 16.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में आज शाम दो दिन की यात्रा पर इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी इथियोपिया के प्रधानमंत्री डॉक्टर अबी अहमद अली के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक विचार–विमर्श करेंगे। इससे पहले श्री मोदी ने कल अम्मान में जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय इब्न अल हुसैन के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। यह वार्ता राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने के मद्देनजर मजबूत साझेदारी की परिचायक है। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद, चरमपंथवाद और कट्टरपंथ के विरुद्ध जॉर्डन के दृढ़ दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत और जॉर्डन आतंकवाद से निपटने में एक समान दृष्टिकोण साझा करते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी जॉर्डन यात्रा के दूसरे दिन आज जॉर्डन–भारत बिजनिस मीट को संबोधित कर रहे है। श्री मोदी ने कहा कि दोनो देशों के बीच आपसी साझेदारी की व्यापक संभावनाएं है।

.....

00000

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लोकसभा में **विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक 2025** पेश किया। यह विधेयक **महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 – मनरेगा** का स्थान लेगा। विधेयक विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप एक आधुनिक वैधानिक ढांचा स्थापित करेगा। इसके अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार के स्वेचछा से अकुशल शारीरिक श्रम करने वाले वयस्क सदस्य को 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया जाएगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

0000

आज विजय दिवस है। ये दिन साल 1971 में पकिस्तान के खिलाफ हुए युद्ध में भारत की निर्णायक विजय को समर्पित है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनके साहस और बलिदान से इस युद्ध में एतिहासिक विजय सुनिश्चित हुई। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि उन सैनिकों की वीरता और मातृभूमि के प्रति समर्पण देशवासियों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा।
विजय दिवस के मौके पर प्रदेश में गौरव सैनानी और वीरांगना सम्मान समारोह सहित अन्य कार्यक्रम रखे गये है। बाडमेर में शहीद स्मारक पर हुए समारोह में शहीदों के बलिदान को याद किया गया।

0000

प्रदेश में आज से शहरी समस्या समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 24 दिसम्बर तक चलने वाले इन शिविरों के माध्यम से शहरी नागरिकों की समस्याओं का निस्तारण और उन्हें विभिन्न सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज बीकानेर के लूणकरणसर में शहरी और ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का जायजा लेंगे। श्री शर्मा इसके साथ ही 385 करोड़ रूपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास भी करेंगे। मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विकास रथों के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं और नीतियों का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके लिए राज्य के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में विकास रथों के पंहुचने का सिलसिला जारी है। इसके साथ ही जिलास्तरीय प्रदर्शनियों के माध्यम से भी जन कल्याणकारी योजनाओं, उत्पादों और नवाचारों की जानकारी दी जा रही है।

0000

राज्य में पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त होते ही मौसम का मिजाज बदल गया है। बादलो की आवाजाही छंटने के साथ ही प्रदेश के कई हिस्सों में कोहरे ने दस्तक दे दी है। सीमावर्ती

और उत्तरी पश्चिमी जिलों में कोहरे का सबसे ज्यादा असर देखने को मिल रहा है। दृश्यता में कमी के कारण सुबह देर तक यातायात प्रभावित हुआ। मौसम विभाग के अनुसार जैसलमेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं, अलवर, भरतपुर और करौली में कई इलाको में घना कोहरा छाया रहा। इस बीच शेखावाटी अंचल में सर्द हवायें चलने से न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। सीकर के फतेहपुर में सबसे कम 4 डिग्री सेल्सियस के साथ बीती रात सबसे सर्द रही। चूरू, करौली, नागौर, दौसा, सिरोही और अलवर में न्यूनतम तापमान साढे पांच से सात डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। उत्तर पश्चिमी राजस्थान में अगले एक दो दिन तक घना कोहरा छाये रहने के आसार है।

0000

प्रदेश में मतदाता सूची एसआईआर–2026 का पहला प्रारूप आज प्रकाशित होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि ये सूची सी ई ओ राजस्थान और संबंधित डीईओ की वेबसाईट पर उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही राज्य के सभी 41 जिला निर्वाचन अधिकारी, 199 विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्गठन के बाद बने 61 हजार 136 बूथों की प्रारूप मतदाता सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की प्रतिनिधियों से भी साझा की जायेगी। श्री महाजन ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची के दावे और आपत्तियों के लिए एक महीने की अवधि रहेगी।

00000